प्रेस नोट दिनांक 07.09.223

(1). आज दिनांक 07.09.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला के कुशल निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान "मिशन शक्ति" के तहत जनपद के विभिन्न थानों की एण्टी रोमियो टीमों ने विभिन्न मन्दिरों, बाजार, स्कूलों, बस स्टैण्ड, ग्रामों इत्यादि स्थानों पर भ्रमण कर चेकिंग की गयी एवं छात्राओं/महिलाओं को उनके सुरक्षार्थ व सहायता हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसेः- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्न, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानो पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उन्हे जागरूक किया गया तथा महिलाओं/बालिकाओं को जागरूकता पम्पलेट्स वितरित किये गये।

(2). आज दिनाँक 07.09.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

(3). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण/बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 02 अभियुक्तों को 54 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

(क). प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री भास्कर मिश्रा के मार्गदर्शन में उ0नि0 प्रभाकर उपाध्याय व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त दीपेन्द्र पुत्र महावीर श्रीवास ग्राम धोबीगंज थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को 30 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना राजापुर में 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

(ख). थानाध्यक्ष भरतकूप श्री सुबेदार बिन्द के मार्गदर्शन में उ0नि0 अजहर जमाल व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त श्रीराम यादव पुत्र रामप्रसाद निवासी उसरी पुरवा मजरा मकरी पहरा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को 24 क्वार्टर के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना भरतकूप में 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

(4). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस द्वारा 01 वाँचित 01 वारण्टी अभियुक्त की गिरफ्तारी की गयी।

(क). प्रभारी निरीक्षक कोतवली कर्वी श्री गुलाब त्रिपाठी के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री राधेश्याम सिंह व हमराही आरक्षी राहुल देव द्वारा मु0अ0सं0 503/023 धारा 376,354ग,504,506 भादवि0 व 67 आईटी एक्ट व 3(2)5 एससी एसटी एक्ट के वाँछित अभियुक्त सुनील यादव पुत्र राजकरन निवासी ऐरान माफी थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(ख). प्रभारी निरीक्षक थाना सरधुवा श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री अनिल कुमार गुप्ता व हमराही द्वारा मु0सं0 18/09 धारा 216 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त भीमषेन पुत्र अमरनाथ निवासी किशोर को पुरवा मदरा सुरवल थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(5). पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे हैं अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा श्री दीपेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री दिनेश कुमार पांडेय तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त निर्भय सिंह उर्फ बग्गड़ पुत्र फक्कड़ सिंह निवासी देवारी थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को 1 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना सरधा में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

बरामदगी

01 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा

गिरफ्तारी करने वाली टीम:-

1.उ0नि0 दिनेश कुमार पांडे थाना सरधुवा

2. आरक्षी राहुल पुरी

3. आरक्षी ललित सोनी